# UP Police Constable Question Paper 31 Aug 2024 1st Shift

1. नागालैंड की राजधानी क्या है ?
(A) अगरतला (B) ईटानगर (C) गुवाहाटी (D) कोहिमा
What is the capital of Nagaland ?
(A) Agartala (B) Itanagar (C) Guwahati (D) Kohima

2. 2021 में COP26 जलवायु सम्मेलन की मेजबानी किस देश ने की ?
(A) कनाडा (B) भारत (C) अफ़ग़ानिस्तान (D) यू.के. (UK)
Which country hosted the COP26 Climate Conference in 2021 ?
(A) Canada (B) India (C) Afghanistan (D) UK

3. त्रैमासिक समाचार-पत्र "साइबर प्रवाह" किस मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक पहल है ?
(A) संस्कृति मंत्रालय
(B) रक्षा मंत्रालय
(C) गृह मंत्रालय
(D) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
The quarterly newspaper "Cyber Pravah" is an initiative launched by which Ministry ?
(A) Ministry of Culture
(B) Ministry of Defence
(C) Ministry of Home Affairs
(D) Ministry of Youth Affairs and Sports

4. ______ में ऑनलाइन उत्पीड़न शामिल है जहाँ उपयोगकर्ता को ढेर सारे ऑनलाइन संदेशों और ईमेल का सामना करना पड़ता है।
(A) फ़िशिंग (B) पहचान की चोरी (C) साइबरस्टॉकिंग (D) बॉटनेट्स
______ involves online harassment where the user is subjected to a plethora of online messages and emails.
(A) Phishing (B) Identity theft (C) Cyberstalking (D) Botnets

5. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा के प्रयासों के लिए 2021 में किसे नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था ?
(A) ग्रेटा थुनबर्ग (B) अबी अहमद
(C) मलाला यूसुफज़ई (D) मारिया रेसा और दिमित्री मुराटोव
Who was awarded the Nobel Peace Prize in 2021 for the efforts to protect freedom of expression ?
(A) Greta Thunberg (B) Abiy Ahmed
(C) Malala Yousafzai (D) Maria Ressa and Dmitry Muratov

6. मानव विकास सूचकांक (एच.डी.आई.) का मुख्य लक्ष्य है :
(A) पर्यावरणीय स्थिरता (संधारणीयता) का मूल्यांकन करना
(B) व्यक्तियों के समग्र कल्याण और जीवन की गुणवत्ता का आकलन करना
(C) तकनीकी प्रगति पर नज़र रखना
(D) आर्थिक प्रदर्शन को मापना
The main goal of the Human Development Index (HDI) is to :
(A) Evaluate environmental sustainability
(B) Assess the overall well-being and quality of life of individuals
(C) Track technological advancements
(D) Measure economic performance

28. निम्नलिखित में से किसने 'सप्तांग' राजनीतिक तर्कसंगतता का सिद्धांत प्रतिपादित किया ?
(A) तुलसीदास (B) मनु (C) चरक (D) कौटिल्य
Who among the following propounded the 'Saptanga' Theory of political rationality ?
(A) Tulsidas (B) Manu (C) Charaka (D) Kautilya

29. उत्तर प्रदेश के उच्च सदन को क्या कहा जाता है ?
(A) विधान महल (B) विधान सभा (C) विधान मंडली (D) विधान परिषद
What is the Uttar Pradesh Upper House known as ?
(A) Vidhan Mahal (B) Vidhan Sabha (C) Vidhan Mandali (D) Vidhan Parishad

30. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन क्वांटम उलझाव (एंटैंगलमेंट) की अवधारणा का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?
(A) यह अवपरमाण्विक कणों पर गुरुत्वीय तरंगों का प्रभाव है।
(B) यह एक ऐसी घटना है जिसमें कण इस प्रकार एक-दूसरे से जुड़े रहते हैं कि एक कण की अवस्था दूसरे कण की अवस्था को तुरन्त प्रभावित करती है, चाहे उनके बीच कितनी भी दूरी क्यों न हो।
(C) यह सैद्धांतिक ढाँचा है जो प्रकाश की गति के निकट गति पर पहुँचने वाले कणों के व्यवहार की व्याख्या करता है।
(D) यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा कणों को अत्यंत उच्च तापमान तक गर्म किया जाता है।
Which of the following statement best describes the concept of quantum entanglement ?
(A) It is the effect of gravitational waves on subatomic particles.
(B) It is a phenomenon where particles remain connected such that the state of one particle instantly influences the state of another, regardless of the distance between them.
(C) It is the theoretical framework explaining the behaviour of particles at speeds approaching the speed of light.
(D) It is the process by which particles are heated to extremely high temperatures.

31. भारत में राज्य स्तर पर वैट (VAT) किस वर्ष लागू किया गया ?
In which year was VAT introduced at the State level in India ?
(A) 2006 (B) 2001 (C) 2005 (D) 2000

32. निम्नलिखित में से कौन-सी भाषा भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल ***नहीं*** है ?
(A) उर्दू (B) अंग्रेज़ी
(C) तमिल (D) संस्कृत
Which of the following languages is ***not*** included in the Eighth Schedule of the Indian Constitution ?
(A) Urdu (B) English
(C) Tamil (D) Sanskrit

33. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 340 किससे संबंधित है ?
(A) वित्त आयोग (B) निर्वाचन आयोग
(C) पिछड़े वर्ग आयोग (D) संघ लोक सेवा आयोग
Article 340 of the Indian Constitution deals with :
(A) Finance Commission (B) Election Commission
(C) Backward Classes Commission (D) Union Public Service Commission

34. भारत में 'रेड कॉरिडोर' (लाल गलियारा) क्या है ?
(A) राजधानी में उच्च सुरक्षा वाला क्षेत्र
(B) नक्सली-माओवादी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र
(C) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिए एक गलियारा
(D) वह क्षेत्र जो अपने पर्यटक आकर्षणों के लिए जाना जाता है
What is the 'Red Corridor' in India ?
(A) A high security zone in the capital
(B) An area affected by Naxalite-Maoist insurgency
(C) A corridor for international trade
(D) A region known for its tourist attractions

7. ताज महल का पीलापन ________ का प्रभाव है।
(A) प्रदूषण
(B) प्रत्यूर्जक (ऐलर्जन)
(C) ओज़ोन अवक्षय (रिक्तीकरण)
(D) अम्ल वर्षा
The yellowness of the Taj Mahal is an effect of ________.
(A) Pollution
(B) Allergens
(C) Ozone depletion
(D) Acid rain

8. भारतीय पेट्रोलियम संस्थान कहाँ स्थित है ?
(A) देहरादून
(B) अमेठी
(C) चेन्नई
(D) दिल्ली
Where is the Indian Institute of Petroleum located ?
(A) Dehradun
(B) Amethi
(C) Chennai
(D) Delhi

9. लैंगिक समानता, महिला सशक्तिकरण और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और हिंसा को खत्म करने के लिए वैश्विक आंदोलन को किस शब्द से परिभाषित किया जाता है ?
(A) नारीवादी आंदोलन
(B) ब्लैक लाइव्स मैटर आंदोलन
(C) एलजीबीटीक्यू + अधिकार आंदोलन
(D) मीटू आंदोलन
What term describes the global movement for gender equality, women's empowerment and the elimination of discrimination and violence against women ?
(A) Feminist Movement
(B) Black Lives Matter Movement
(C) LGBTQ + Rights Movement
(D) MeToo Movement

10. प्रसिद्ध भारतीय उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं ?
(A) अरुंधति रॉय
(B) मुंशी प्रेमचंद
(C) आर.के. नारायण
(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर
Who is the author of the famous Indian novel 'Godan' ?
(A) Arundhati Roy
(B) Munshi Premchand
(C) R.K. Narayan
(D) Rabindranath Tagore

11. 2016 के विमुद्रीकरण के दौरान भारत के वित्त मंत्री कौन थे ?
(A) अमित शाह
(B) अरुण जेटली
(C) नरेंद्र मोदी
(D) निर्मला सीतारमन
Who was the Finance Minister of India during 2016 demonetization ?
(A) Amit Shah
(B) Arun Jaitley
(C) Narendra Modi
(D) Nirmala Sitharaman

12. SITE का मतलब क्या है ?
(A) सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविज़न एजूकेशन
(B) सोर्स इंस्ट्रक्शनल टेलीविज़न एक्सपेरिमेंट
(C) सैटेलाइट इंस्टिट्यूशनल टेलीविज़न एक्सपेरिमेंट
(D) सैटेलाइट इंस्ट्रक्शनल टेलीविज़न एक्सपेरिमेंट
What does SITE stand for ?
(A) Satellite Instructional Television Education
(B) Source Instructional Television Experiment
(C) Satellite Institutional Television Experiment
(D) Satellite Instructional Television Experiment

13. संयुक्त अरब अमीरात संघ (फेडरेशन ऑफ यूनाइटेड अरब एमिरेट्स) की राजधानी क्या है ?
(A) शारजाह
(B) अबू धाबी
(C) फुजैराह
(D) दुबई
What is the capital of the Federation of United Arab Emirates ?
(A) Sharjah
(B) Abu Dhabi
(C) Fujairah
(D) Dubai

44. एक अस्पताल अपनी इंटेंसिव केयर यूनिट के लिए नर्सों की भर्ती कर रहा है। चयन के लिए मानदंड इस प्रकार हैं :

a. नर्सिंग में स्नातक की डिग्री।

b. उन्नत कार्डियक लाइफ सपोर्ट (ACLS) में प्रमाणन।

c. क्रिटिकल केयर नर्सिंग में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।

d. योग्यता-आधारित इंटरव्यू में 60% अंक।

e. यदि उम्मीदवार के पास ACLS प्रमाणन नहीं है, तो मामले को वरिष्ठ विशेषज्ञ के पास भेजा जाना है।

f. यदि उम्मीदवार इंटरव्यू में न्यूनतम अंक प्राप्त नहीं करता है, तो मामले को नर्सिंग विभाग के प्रमुख को भेजा जाना है।

g. यदि उम्मीदवार कार्य अनुभव को छोड़कर अन्य सभी योग्यताओं को पूरा करता है, तो मामला केंद्र के निदेशक को भेजा जाना है।

परिदृश्य के आधार पर, प्रिया सिंह के लिए क्या कार्रवाई की जानी चाहिए ?

B.Sc. नर्सिंग, ACLS प्रमाणित, इंटरव्यू में 63% अंक प्राप्त। इंटेंसिव केयर यूनिट्स में 4 वर्ष सहित 8 वर्ष का अनुभव

(A) उम्मीदवार का चयन नहीं किया जाना है

(B) मामले को आगे की समीक्षा के लिए नर्सिंग विभाग के प्रमुख को भेजा जाना है

(C) निर्णय लेने के लिए डेटा अपर्याप्त है

(D) उम्मीदवार का चयन नर्सिंग पद के लिए किया जाना है

A hospital is recruiting nurses for its Intensive Care Unit. The criteria for selection are as follows :

a. Bachelor's degree in Nursing.

b. Certification in Advanced Cardiac Life Support (ACLS).

c. Minimum of 2 years of experience in Critical Care Nursing.

d. Score of 60% marks in a competency-based interview.

e. If the candidate does not have ACLS certification, the case is to be referred to the senior specialist.

f. If the candidate does not score minimum marks in the interview, the case is to be referred to Head of Nursing Department.

g. If the candidate satisfies all other qualifications except work experience, the case is to be referred to the Director of the Centre.

Based on the scenario, what course of action should be taken for Priya Singh ?

B.Sc. Nursing, ACLS certified, Scored 63% marks in the interview. Experience of 8 years including 4 years in Intensive Care Units.

(A) Candidate is not to be selected

(B) Case is to be referred to the Head of Nursing Department for further review

(C) Data is inadequate to make a decision

(D) Candidate is to be selected for the nursing position

45. निम्नलिखित में से शब्दों के कौन-से जोड़े अर्थ में सबसे अधिक समान हैं ?

(A) गरम – ठंडा (B) कठिन – सरल (C) जल्दी – तेज (D) ख़ुश – उदास

Which of the following pairs of words are most similar in meaning ?

(A) Hot – Cold (B) Hard – Easy (C) Quick – Fast (D) Happy – Sad

46. यदि कोई विमान न्यूयॉर्क से लंदन के लिए अपराह्न 3:00 बजे (स्थानीय समयानुसार) रवाना होता है और उड़ान की अवधि 7 घंटे है तो विमान किस समय उतरेगा यदि लंदन, न्यूयॉर्क से 5 घंटे आगे है ?

(A) पूर्वाह्न 4 बजे (B) पूर्वाह्न 6 बजे (C) पूर्वाह्न 5 बजे (D) पूर्वाह्न 3 बजे

If a plane leaves New York for London at 3:00 p.m. (local time) and the flight duration is of 7 hours, what time would the plane land, if London is 5 hours ahead of New York ?

(A) 4 a.m. (B) 6 a.m. (C) 5 a.m. (D) 3 a.m.

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. श्रृंखला में अगला प्रतिबिंब ज्ञात कीजिए।
Find the next image in the series.




(A)  (B)  (C)  (D) 

58. एक 105 मीटर लंबी रेलगाड़ी 60 किमी/घंटे की चाल से चलती है। 175 मीटर लंबी दूसरी रेलगाड़ी, जो 54 किमी/घंटे की चाल से समान दिशा में चल रही है, को पार करने में पहली रेलगाड़ी को कितना समय लगेगा ?
(A) 3 मिनट, 40 सेकण्ड (B) 2 मिनट, 48 सेकण्ड
(C) 3 मिनट, 48 सेकण्ड (D) 2 मिनट, 44 सेकण्ड
A train 105 metres long travels at 60 km/hr. How long does it take to cross another train 175 metres long, running at 54 km/hr in the same direction ?
(A) 3 minutes, 40 seconds (B) 2 minutes, 48 seconds
(C) 3 minutes, 48 seconds (D) 2 minutes, 44 seconds

59. एक ही जगह से 9 मिनट के अंतराल पर दो बंदूकें चलाई जाती हैं। उस स्थान पर आने वाला एक व्यक्ति देखता है कि दो बंदूकों की आवाज सुनने के बीच 8 मिनट 48 सेकण्ड बीत चुके हैं। यदि ध्वनि का वेग 330 मी./सेकण्ड है, तो वह व्यक्ति उस स्थान पर किस चाल (किमी/घंटा में) से आ रहा था ?
Two guns are fired from the same place at an interval of 9 minutes. A person approaching the place observes that 8 minutes 48 seconds have elapsed between the hearing of the sound of the two guns. If the velocity of the sound is 330 m/s, at what speed was the person approaching that place (in km/hr) ?
(A) 36 (B) 27 (C) 33 (D) 29

60. एक गाँव में, 60% परिवारों के पास एक गाय है, 30% परिवारों के पास एक भैंस है और 15% परिवारों में से प्रत्येक के पास एक गाय और एक भैंस दोनों हैं। गाँव में कुल 960 परिवार रहते हैं। तो कितने परिवारों के पास गाय या भैंस नहीं है ?
In a village, 60% of families have a cow, 30% of families have a buffalo and each of the 15% of families has both a cow and a buffalo. In all, there are 960 families in the village. How many families do not have a cow or a buffalo ?
(A) 280 (B) 240 (C) 260 (D) 200

61. एक डेरीवाला प्रति लीटर दूध के लिए ₹ 6.4 का भुगतान करता है। वह फिर दूध में पानी मिलाता है और मिश्रण को ₹ 8 प्रति लीटर पर बेचता है, जिससे 37.5% लाभ होता है। तो ग्राहकों द्वारा प्राप्त दूध में, पानी का दूध से अनुपात क्या है ?
A dairyman pays ₹ 6.4 per litre of milk. He then adds water in the milk and sells the mixture at ₹ 8 per litre, thereby making a 37.5% profit. What is the proportion of water to milk, in the milk received by the customers ?
(A) 1 : 21 (B) 1 : 10 (C) 1 : 20 (D) 1 : 15

62. 135, 171, 192 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए।
Find the HCF of 135, 171, 192.
(A) 8 (B) 10 (C) 9 (D) 3

63. सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 310, 550 और 728 से विभाजित करने पर समान शेष बचता है।
Find the greatest number which when divided by 310, 550, and 728 leaves the same remainder.
(A) 2 (B) 222 (C) 22 (D) 212

64. एक 335 मीटर लंबी रेलगाड़ी 18 सेकण्ड में एक खंभे को पार करती है। तो रेलगाड़ी की गति किमी/घंटा में ज्ञात कीजिए।
(A) 67 किमी/घंटा (B) 80 किमी/घंटा (C) 77 किमी/घंटा (D) 110 किमी/घंटा
A 335 metres long train crosses a pillar in 18 seconds. Find the speed of train in km/hr.
(A) 67 km/hr (B) 80 km/hr (C) 77 km/hr (D) 110 km/hr

65. 7 पुरुष या 10 महिलाएँ 10 दिनों में 100 मीटर की दीवार बना सकते हैं। 600 मीटर की दीवार बनाने में 14 पुरुषों और 20 महिलाओं को कितने दिन लगेंगे ?

(A) 30 दिन (B) 20 दिन (C) 25 दिन (D) 15 दिन

7 men or 10 women can build a wall of 100 metres in 10 days. How many days will 14 men and 20 women take to build a wall of 600 metres ?

(A) 30 days (B) 20 days (C) 25 days (D) 15 days

66. यदि 120 व्यक्ति प्रतिदिन 6 घंटे कार्य करके एक कार्य को 16 दिनों के भीतर पूरा कर सकते हैं, तो 64 व्यक्तियों को प्रतिदिन कितने घंटे काम करना चाहिए ताकि उसी कार्य को 15 दिनों के भीतर पूरा किया जा सके ?

(A) 16 घंटे (B) 17 घंटे (C) 12 घंटे (D) 15 घंटे

If 120 persons can finish a work within 16 days by working 6 hours a day, then the number of hours per day that 64 persons should work to finish that same job within 15 days is :

(A) 16 hours (B) 17 hours (C) 12 hours (D) 15 hours

67. एक बेईमान दुकानदार अपने क्रय मूल्य पर सामान बेचने का दावा करता है लेकिन प्रत्येक किलोग्राम के लिए 960 ग्राम का गलत वज़न (बाट) उपयोग करता है। तो उसका लाभ प्रतिशत कितना है ?

A dishonest shopkeeper professes to sell goods at his cost price but uses a false weight of 960 gm for each kilogram. What is his gain percent ?

(A) $6\frac{2}{7}\%$ (B) $4\frac{1}{6}\%$ (C) $5\frac{3}{17}\%$ (D) $9\frac{1}{4}\%$

68. किराने वाले को क्रमशः ₹ 15/किलो और ₹ 20/किलो की कीमत वाली दो प्रकार की दालों को किस अनुपात में मिलाना चाहिए ताकि ₹ 16.50/किलो की कीमत वाली दालों का मिश्रण प्राप्त किया जा सके ?

In what ratio must the grocer mix two types of pulses costing ₹ 15/kg and ₹ 20/kg respectively so as to get a mixture of pulses costing ₹ 16.50/kg ?

(A) 7 : 5 (B) 5 : 7 (C) 7 : 3 (D) 3 : 7

69. एक खुदरा विक्रेता अपने सामान को 150% पर अंकित करता है और 40% की छूट देता है। यदि क्रय मूल्य ₹ 1,600 है, तो विक्रय मूल्य क्या होगा ?

A retailer marks up his goods by 150% and offers a 40% discount. What will be the selling price if the cost price is ₹ 1,600 ?

(A) ₹ 2,000 (B) ₹ 2,500 (C) ₹ 3,000 (D) ₹ 2,400

70. एक वस्तु को ₹ 480 में बेचने पर एक व्यक्ति को 10% की हानि होती है। उसे इसे किस कीमत पर बेचना चाहिए ताकि वह 20% का लाभ कमाए ?

By selling an article for ₹ 480, a man incurs a loss of 10%. At what price should he sell it, so that it makes a profit of 20% ?

(A) ₹ 640 (B) ₹ 680 (C) ₹ 600 (D) ₹ 664

71. एक कार्यशाला में श्रमिकों का औसत मासिक वेतन ₹ 8,500 है। यदि 7 श्रमिकों का औसत मासिक वेतन ₹ 10,000 है और शेष का औसत मासिक वेतन ₹ 7,800 है, तो कार्यशाला में श्रमिकों की कुल संख्या क्या है ?

The average monthly salary of the workers in a workshop is ₹ 8,500. If the average monthly salary of 7 workers is ₹ 10,000 and average monthly salary of the rest is ₹ 7,800, the total number of workers in the workshop is :

(A) 24 (B) 20 (C) 22 (D) 18

72. यदि 6 क्रमागत सम संख्याओं का औसत 183 है, तो सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।

If the average of 6 consecutive even numbers is 183, find the smallest number.

(A) 194 (B) 176 (C) 181 (D) 178

73. एक बिल्डर ₹ 2,550 उधार लेता है जिसे दो समान वार्षिक किश्तों में 2 वर्ष के अंत तक 4% प्रति वर्ष की दर से चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वापस भुगतान किया जाना है। प्रत्येक किश्त कितनी होगी ?

A builder borrows ₹ 2,550 to be paid back with compound interest at the rate of 4% per annum by the end of 2 years in two equal yearly instalments. How much will each instalment be ?

(A) ₹ 1,203 (B) ₹ 1,377 (C) ₹ 1,275 (D) ₹ 1,352

35. CoBRA केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की एक विशेष अभियान इकाई है। इसका क्या अर्थ है ?
(A) कमांडो बैटल फॉर रिकॉइलिंग ऐक्शन (B) कमांडो बटालियन्स फॉर रेज़ोल्यूट ऐक्शन
(C) सेंट्रल बटालियन्स फॉर रैडिकल ऐक्शन (D) सेंट्रल बटालियन्स फॉर रैपिड ऐक्शन
CoBRA is a special operation unit of the Central Reserve Police Force. What does it stand for ?
(A) Commando Battle for Recoiling Action (B) Commando Battalions for Resolute Action
(C) Central Battalions for Radical Action (D) Central Battalions for Rapid Action

36. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस किस तारीख को मनाया जाता है ?
(A) 8 सितम्बर (B) 12 जनवरी (C) 20 मार्च (D) 24 अक्टूबर
On which date is International Literacy Day observed ?
(A) $8^{th}$ September (B) $12^{th}$ January (C) $20^{th}$ March (D) $24^{th}$ October

37. प्रसिद्ध कृति "तंत्रलोक" के लेखक कौन हैं ?
(A) भवभूति (B) बाणभट्ट (C) अभिनवगुप्त (D) दण्डी
Who is the author of the famous work "Tantraloka" ?
(A) Bhavabhuti (B) Banabhatta (C) Abhinavagupta (D) Dandin

38. आई.एम.एफ. भुगतान संतुलन नियमावली के अनुसार, वस्तुओं के आयात और निर्यात को ________ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
(A) एक्स वर्क्स के आधार पर (B) CIF के आधार पर (C) FOB के आधार पर (D) FOR के आधार पर
As per the IMF Balance of Payments Manual, the import and export of goods should be presented on ________.
(A) Ex Works basis (B) CIF basis (C) FOB basis (D) FOR basis

39. निम्नलिखित में से विषम (बेजोड़) ज्ञात कीजिए।
Find the odd one out from the following.
(A) TVXZ (B) ACEG (C) MNOL (D) HJLN

40. श्रृंखला में अगली संख्या ज्ञात कीजिए।
Find the next number in the series.
144, 169, 196, 225, ?
(A) 284 (B) 298 (C) 266 (D) 256

41. तीन कंटेनरों – पीले, सफेद और काले में, 120 कंचे रखे गए हैं। सफेद और पीले कंटेनरों में संयुक्त रूप से काले कंटेनर की तुलना में दोगुने कंचे हैं। साथ ही काले कंटेनर में पीले कंटेनर की तुलना में दोगुने कंचे हैं। तो सफेद कंटेनर में कितने कंचे हैं ?
In three containers – yellow, white and black, 120 marbles are placed. There are twice as many marbles in the white and yellow containers combined as there are in the black container. Also, there are twice as many marbles in the black container as there are in the yellow container. How many marbles are there in the white container ?
(A) 60 (B) 30 (C) 40 (D) 20

42. पाँच दोस्तों में A, B से भारी है, C, D से हल्का है, B, D से हल्का है लेकिन E से भारी है। D सबसे भारी नहीं है। तो इनमें से सबसे भारी कौन है ?
Among five friends, A is heavier than B, C is lighter than D, B is lighter than D but heavier than E. D is not the heaviest. Who among them is the heaviest ?
(A) E (B) B (C) C (D) A

43. शब्दों की दी गई सूची में से विषम शब्द चुनिए।
(A) भारत (B) ढाका (C) कोलंबो (D) काबुल
Pick the odd word out from the given list of words.
(A) India (B) Dhaka (C) Colombo (D) Kabul


47. सादृश्य पूरा कीजिए :
कलम : लिखना :: चाकू : ?
(A) काटना (B) मिक्स करना (C) टाँके लगाना (D) पेंट करना
Complete the analogy :
Pen : Write :: Knife : ?
(A) Cut (B) Mix (C) Stitch (D) Paint



48. एक शंकु को उसके आधार के समानांतर एक समतल से काटा जाता है और फिर उस समतल के एक तरफ बने शंकु को हटाया जाता है। समतल के दूसरी तरफ जो नया भाग बचा होता है, उसे ________ कहा जाता है।
(A) बेलन (B) एक शंकु का छिन्नक (C) गोला (D) शंकु
A cone is cut through a plane parallel to its base and then the cone that is formed on one side of that plane is moved. The new part that is left over on the other side of the plane is called ________.
(A) Cylinder (B) Frustum of a cone (C) Sphere (D) Cone

49. + का अर्थ है 'का भाई है'
– का अर्थ है 'की बहन है'
× का अर्थ है 'का पिता है'
निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि C, M का बेटा है ?
+ means 'is the brother of'
– means 'is the sister of'
× means 'is the father of'
Which of the following means that C is the son of M ?
(A) M × N – C + F (B) F – C + N × M (C) N + M – F × C (D) M – N × C + F

50. एक पर्वतारोही प्रत्येक घंटे के शुरुआत में 30 फीट चढ़ता है, फिर आराम करने के लिए रुकता है और अगले घंटे के शुरुआत में फिर से चढ़ाई शुरू करने से पहले 20 फीट नीचे खिसक जाता है। यदि वह सुबह 8:00 बजे अपनी चढ़ाई शुरू करता है, तो वह पहली बार जमीन से 120 फीट ऊपर स्थित झंडे तक किस समय पहुँचेगा ?
(A) शाम 8 बजे (B) शाम 7 बजे (C) शाम 6 बजे (D) शाम 5 बजे
A mountaineer ascends 30 feet at the start of each hour, then pauses to rest and slides back 20 feet before beginning his climb again at the start of the next hour. If he starts his climb at 8:00 a.m., at what time will he first reach a flag positioned 120 feet above the ground ?
(A) 8 p.m. (B) 7 p.m. (C) 6 p.m. (D) 5 p.m.

51. उस बॉक्स का चयन कीजिए जो दिए गए कागज़ की शीट की आकृति से बने बॉक्स के समान है।
Choose the box that is similar to the box formed from the figure of the sheet of paper given.



(A)  (B)  (C)  (D) 

Prepp
Your Personal Exams Guide

52. एक आम की कीमत ₹ 8 प्रत्येक है, जबकि एक अमरूद की कीमत ₹ 6 प्रत्येक है। एक महिला इन फलों पर कुल ₹ 52 खर्च करती है। तो उसने कितने आम और अमरूद खरीदे ?


(A) 3 आम और 4 अमरूद
(B) 5 आम और 2 अमरूद
(C) 4 आम और 3 अमरूद
(D) 5 आम और 1 अमरूद

The cost of a mango is ₹ 8 each, while a guava costs ₹ 6 each. A woman spends a total of ₹ 52 on these fruits. How many mangoes and guavas did she buy ?

(A) 3 mangoes and 4 guavas
(B) 5 mangoes and 2 guavas
(C) 4 mangoes and 3 guavas
(D) 5 mangoes and 1 guava

53. दी गई आकृति में कितने त्रिभुज हैं ?

How many triangles are there in the given figure ?



(A) 26
(B) 29
(C) 27
(D) 28

54. श्रृंखला में विषम (बेजोड़) ज्ञात कीजिए।


Find the odd one out in the series.

E5, I9, M13, P17, U21


(A) I9
(B) P17
(C) U21
(D) E5

55. दिए गए विकल्पों में से श्रृंखला में अगला चित्र ज्ञात कीजिए।


Find the next figure in the series from the given options.




I II III IV V ?

(A) 

(B) 


(C) 

(D) 

56. दी गई आकृति का दर्पण प्रतिबिंब ज्ञात कीजिए, यदि दर्पण XY पर स्थित है।

Find the mirror image of given figure, if the mirror is placed at XY.

X



Y

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

74. 2 वर्षों में ब्याज के वार्षिक 3% पर ₹ 10,000 के लिए चक्रवृद्धि राशि और चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।
Find compound amount and compound interest for ₹ 10,000 at 3% interest per annum in 2 years.
(A) ₹ 10,309, ₹ 309 (B) ₹ 10,509, ₹ 509 (C) ₹ 10,409, ₹ 409 (D) ₹ 10,609, ₹ 609

75. दो व्यक्तियों की आय का अनुपात 10 : 6 है और उनके व्यय का अनुपात 18 : 10 है। यदि वे क्रमशः ₹ 5,200 और ₹ 3,600 बचाते हैं, तो उनकी आय क्या हैं ?
The ratio of income of two persons is 10 : 6 and that of their expenditures is 18 : 10. If they save ₹ 5,200 and ₹ 3,600 respectively, their incomes are :
(A) ₹ 9,000; ₹ 5,400 (B) ₹ 6,000; ₹ 3,600 (C) ₹ 10,000; ₹ 6,000 (D) ₹ 16,000; ₹ 9,600

76. 12% साधारण ब्याज पर 3 वर्षों में देय ₹ 10,920 के ऋण का भुगतान किस वार्षिक किश्त से होगा ?
What annual instalment will discharge a debt of ₹ 10,920 due in 3 years at 12% simple interest ?
(A) ₹ 3,250 (B) ₹ 2,750 (C) ₹ 3,000 (D) ₹ 2,500

77. यदि S + T का अर्थ है S, T का पिता है; S − T का अर्थ है S, T की बहन है; S % T का अर्थ है S, T की माता है तथा S × T का अर्थ है S, T का भाई है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा दर्शाता है कि J, K की बुआ है ?
If S + T means S is the father of T; S − T means S is the sister of T; S % T means S is the mother of T and S × T means S is the brother of T, which of the following shows that J is the paternal aunt of K ?
(A) K × M + L % J (B) J − L + M × K (C) K % M − L − J (D) K + M − L % J

78. लुप्त शब्द ज्ञात कीजिए।
सेब : लाल :: कोयला : ?
(A) नीला (B) पीला (C) काला (D) नारंगी
Find the missing word.
Apple : Red :: Coal : ?
(A) Blue (B) Yellow (C) Black (D) Orange

79. दिए गए संबंध के आधार पर सही विकल्प ज्ञात कीजिए।
गिरना : दर्द :: ?
(A) हँसना : रोना (B) गिरना : कदम
(C) अवज्ञा : सज़ा (D) आहार : ख़ुशी
Find the correct alternative on the basis of the given relationship.
Fall : Pain :: ?
(A) Laugh : Cry (B) Fall : Step
(C) Disobedience : Punishment (D) Food : Happy

80. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।
जड़, तना, पत्तियाँ, फल, ?
(A) शाखा (B) सब्ज़ियाँ (C) पेड़ (D) पौधे
Find out the related word.
Root, Trunk, Leaves, Fruits, ?
(A) Branch (B) Vegetables (C) Trees (D) Plants


81. संबंधित शब्द ज्ञात कीजिए।
नक्शा : दिशाएँ :: मैनुअल : ?
(A) प्राकृतिक (B) प्रक्रिया (C) नियंत्रण (D) निर्देश
Find the related word.
Map : Directions :: Manual : ?
(A) Natural (B) Procedure (C) Controls (D) Instructions





Prepp
Your Personal Exams Guide

82. दिए गए विकल्पों में से, कौन-सा व्यंजक यह दर्शाता है कि F, K की माता है ?
निम्नलिखित कोड दिए गए हैं : B5D का अर्थ है B, D का पिता है, B9D का अर्थ है B, D की बहन है, B4D का अर्थ है B, D का भाई है और B3D का अर्थ है B, D की पत्नी है।
Among the provided options, which expression indicates that F is the mother of K ?
Given the following codes : B5D means B is the father of D, B9D means B is the sister of D, B4D means B is the brother of D, and B3D means B is the wife of D.
(A) F3M5K (B) F9M4N3K (C) F5K3M (D) F3M4N9K

83. एलन, जो लिली का जीजा है, सैम का दामाद है। जून, एमी की माँ है, और एमी, लिली की इकलौती बहन है। सैम का लिली से क्या रिश्ता है ?
(A) पिता (B) पति (C) बेटी (D) भतीजा
Alan, who is the brother-in-law of Lilly, is the son-in-law of Sam. June is the mother of Amy, who is the only sister of Lilly. How Sam is related to Lilly ?
(A) Father (B) Husband (C) Daughter (D) Nephew

84. निर्धारित कीजिए कि दी गई आकृतियों में से कौन-सी आकृति मुख्य आकृति को पूरा करती है।
Determine which of the given figures completes the main figure.
मुख्य आकृति :
Main figure :



(A)  (B)  (C)  (D) 

85. निम्नलिखित में से किस शब्द के अक्षर अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में हैं ?
Which of the following words has its letters in alphabetical order ?
(A) Beside (B) Behind (C) Between (D) Below

86. यदि '#', '–' को दर्शाता है, '@', '×' को दर्शाता है, '$', '+' को दर्शाता है और '%', '÷' को दर्शाता है, तो 20 $ 15 # 10 @ 45 % 15 का मान क्या है ?
If '#' represents '–', '@' represents '×', '$' represents '+' and '%' represents '÷', then what is the value of 20 $ 15 # 10 @ 45 % 15 ?
(A) 24 (B) 20 (C) 14 (D) 5

87. श्रृंखला में लुप्त संख्याएँ (A, B) ज्ञात कीजिए और B × A का मान ज्ञात कीजिए।
Find the missing numbers (A, B) in the series and find the value of B × A.
26, 39, 52, A, 78, 91, B
(A) 6760 (B) 3460 (C) 5370 (D) 2570

88. यदि दक्षिण-पूर्व पश्चिम बन जाता है, उत्तर-पूर्व दक्षिण बन जाता है इत्यादि, तो पूर्व क्या बनेगा ?
(A) दक्षिण (B) दक्षिण-पश्चिम (C) पश्चिम (D) उत्तर-पश्चिम
If South-East becomes West, North-East becomes South and so on, then what will East become ?
(A) South (B) South-West (C) West (D) North-West

98. 'करुणालय' के रचयिता कौन हैं ?
(A) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (B) जयशंकर प्रसाद (C) सुमित्रानंदन पंत (D) माखनलाल चतुर्वेदी

99. किस शब्द का प्रयोग सदैव बहुवचन में होता है ?
(A) लता (B) दर्शन (C) बहन (D) गाय

100. 'जीभ' का पर्यायवाची है :
(A) जीव (B) रसना (C) ध्वनि (D) वचन

101. 'जिसका कोई आकार न हो' के लिए एक शब्द है :
(A) साकार (B) निराकार (C) गोलाकार (D) आकार

102. 'कव्वाली' शब्द में कौन-सा लिंग है ?
(A) उभयलिंग (B) स्त्रीलिंग (C) नपुंसकलिंग (D) पुल्लिंग

103. महादेवी वर्मा को किस पुस्तक पर ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला था ?
(A) यामा (B) नीहार (C) रश्मि (D) नीरजा

104. 'चमक उठी सन् सत्तावन में वो तलवार पुरानी थी।' रस भेद बताइए।
(A) श्रृंगार रस (B) वीर रस (C) हास्य रस (D) भक्ति रस

105. 'अम्बुज – अम्बुद' शब्द-युग्म के सही अर्थ-भेद का चयन कीजिए।
(A) बादल – समुद्र (B) जल – कमल (C) समुद्र – कमल (D) कमल – बादल

106. 'वह खा रहा था' में 'खा रहा था' कौन-सा काल है ?
(A) सामान्य भूत (B) अपूर्ण भूत (C) संदिग्ध भूत (D) पूर्ण भूत

107. 'गंगातट' पर कुछ लोग भजन कर रहे थे। रेखांकित शब्द में कौन-सा समास है ?
(A) द्वन्द्व (B) तत्पुरुष (C) अव्ययीभाव (D) द्विगु

108. 'जाति' शब्द का बहुवचन है :
(A) जातियों (B) जातीयां (C) जातियाँ (D) जाती

109. 'शाश्वत' का विलोम शब्द है :
(A) रहस्यमय (B) अनश्वर (C) नश्वर (D) सदैव

110. 'इंदिरा – इंद्रा' शब्द-युग्म का सही विकल्प चुनिए।
(A) लक्ष्मी – इंद्राणी (B) चन्द्रमा – चूहा (C) आइना – संकट (D) भोजन – भेंट

111. बोलते समय मुख के कितने उच्चारण स्थानों का प्रयोग किया जाता है ?
(A) तीन (B) पाँच (C) छह (D) चार

112. निम्नलिखित में से वाक्य के शुद्ध रूप का चयन कीजिए :
(A) उनके एक पुत्र है। (B) उनको एक पुत्र है। (C) उनका एक पुत्र है। (D) उन्हें एक पुत्र है।

113. 'काव्य की शोभा बढ़ाने वाले धर्मों को अलंकार कहते हैं।' इस उक्ति में प्रयुक्त 'धर्म' शब्द का क्या अर्थ है ?
(A) कर्तव्य (B) गुण (C) सत्कर्म (D) मज़हब

114. 'मतैक्य' में कौन-सी संधि है ?
(A) वृद्धि (B) यण् (C) गुण (D) दीर्घ

115. 'अल्प विराम' का चिह्न है :
(A) ( ! ) (B) ( , ) (C) ( । ) (D) ( ; )


Prepp
Your Personal Exams Guide

89. एक स्कूल में, हर दो महीने में आवधिक परीक्षाएँ आयोजित की जाती हैं। अप्रैल 2001 से मार्च 2002 तक के शैक्षणिक सत्र के दौरान, कक्षा IX का एक छात्र इन आवधिक परीक्षाओं में से प्रत्येक में उपस्थित हुआ। नीचे दिया गया रेखा ग्राफ प्रत्येक आवधिक परीक्षा में छात्र द्वारा प्राप्त कुल अंकों को दर्शाता है।

In a school, periodical examinations are held every two months. During the academic session from April 2001 to March 2002, a Class IX student appeared in each of these periodical exams. The line graph below shows the total marks obtained by the student in each periodical exam.

प्रत्येक आवधिक परीक्षा में अधिकतम कुल अंक = 500

Maximum Total Marks in each periodical exam = 500




अगस्त 2001 और अक्टूबर 2001 की आवधिक परीक्षाओं में मिलाकर छात्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है ?

What is the percentage of the marks obtained by the student in the periodical exams of August 2001 and October 2001 combined ?

(A) 78.5% (B) 75.5% (C) 77% (D) 73.5%

90. तालिका का अध्ययन कीजिए और R का मूल्य ज्ञात कीजिए।

| वस्तुएँ | लागत मूल्य | अंकित मूल्य | छूट | विक्रय मूल्य | लाभ/हानि % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12600 | + 20% | 10% | W | R |
| 2 | 12850 | + 25% | 15% | X | S |
| 3 | 12570 | – 30% | 12% | Y | T |
| 4 | 12200 | – 10% | 20% | Z | |

(A) 20% (B) 18% (C) 8% (D) 10%

Study the table and find the value for R.

| Articles | Cost Price | Marked Price | Discount | Selling Price | Profit/Loss % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12600 | + 20% | 10% | W | R |
| 2 | 12850 | + 25% | 15% | X | S |
| 3 | 12570 | – 30% | 12% | Y | T |
| 4 | 12200 | – 10% | 20% | Z | |

(A) 20% (B) 18% (C) 8% (D) 10%

137. चार सहकर्मी – L, M, N और O, एक वर्गाकार मेज के चारों ओर बाहर की ओर मुँह करके बैठे हैं। L, M के ठीक बायीं ओर बैठा है। N, O के ठीक दायीं ओर बैठा है। L के ठीक दायीं ओर कौन बैठा है ?

Four colleagues – L, M, N and O, are sitting around a square table facing outward. L is sitting to the immediate left of M. N is sitting to the immediate right of O. Who is sitting to the immediate right of L ?

(A) O (B) M (C) N (D) L

138. पाँच सदस्यों के एक परिवार में, A, B की बहन है और C, B की माँ है। D, C का पिता है और E, C की माँ है। A, D से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) बेटी (B) बहू (C) भाँजी (D) नातिन

In a family of five members, A is B's sister and C is B's mother. D is C's father and E is C's mother. How is A related to D ?

(A) Daughter (B) Daughter-in-law (C) Niece (D) Granddaughter

139. दिए गए विकल्पों में से, वह युग्म ज्ञात कीजिए जो दिए गए युग्म के समान है।

दिया गया युग्म :- डेविस कप : टेनिस

(A) फेडरेशन कप : खो-खो (B) राइडर कप : गोल्फ

(C) जेम्स कप : कार रेसिंग (D) क्यू कप : स्नूकर

From the given options, find the pair which is similar to the given pair.

Given pair :- Davis Cup : Tennis

(A) Federation Cup : Kho-Kho (B) Ryder Cup : Golf

(C) James Cup : Car Racing (D) Cue Cup : Snooker

140. असमान पद ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar term.

ACA, BFB, CJC, DLD, EOE

(A) EOE (B) CJC (C) DLD (D) BFB

141. त्रिभुज PQR में, भुजा QR की लंबाई भुजा PQ की लंबाई के दोगुने से 3 सेमी कम है। भुजा PR की लंबाई भुजा PQ की लंबाई से 14 सेमी अधिक है। परिधि 55 सेमी है। त्रिभुज PQR की सबसे छोटी भुजा की लंबाई क्या है ?

(A) 14 सेमी (B) 11 सेमी (C) 12 सेमी (D) 10 सेमी

In triangle PQR, length of the side QR is less than twice the length of the side PQ by 3 cm. Length of the side PR exceeds the length of the side PQ by 14 cm. The perimeter is 55 cm. The length of the smallest side of the triangle PQR is :

(A) 14 cm (B) 11 cm (C) 12 cm (D) 10 cm

142. एक निश्चित भाषा में, CAR को 3118 के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में FUR को कैसे लिखा जाएगा ?

In a certain language, CAR is written as 3118. How will FUR be written in the same language ?

(A) 62118 (B) 65900 (C) 99116 (D) 37912

143. यदि 6 अप्रैल, 2023 को गुरुवार था, तो 6 अप्रैल, 2024 को सप्ताह का कौन-सा दिन था ?

(A) सोमवार (B) मंगलवार (C) शुक्रवार (D) शनिवार

What was the day of the week on 6th April, 2024 if 6th April, 2023 was Thursday ?

(A) Monday (B) Tuesday (C) Friday (D) Saturday

144. असमान संख्या ज्ञात कीजिए।

Find the dissimilar number.

2, 6, 24, 120, 540,

(A) 6 (B) 120 (C) 24 (D) 540




Prepp Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

145. यहाँ दिया गया पाई चार्ट एक परिवार के घरेलू व्यय को प्रतिशत में दर्शाता है । यदि परिवार की कुल मासिक आय ₹ 42,500 है, तो चार्ट का अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

**परिवार का व्यय**





बाल शिक्षा के लिए कटौती और मकान किराए के लिए कटौती के बाद, परिवार की कुल मासिक आय रहती है :

(A) ₹ 27,860 (B) ₹ 26,580 (C) ₹ 24,650 (D) ₹ 25,075

The pie chart given here represents the domestic expenditure of a family in percent. Study the chart and answer the following question if the total monthly income of the family is ₹ 42,500.

**Expenditure of Family**




After deduction for Child Education and deduction for House Rent, the total monthly income of the family remains :

(A) ₹ 27,860 (B) ₹ 26,580 (C) ₹ 24,650 (D) ₹ 25,075

128. ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी नाविक शक्ति क्यों इतनी प्रबल बना ली ?
(A) लंदन शहर को कोई क्षति न पहुँच सके
(B) कोई लंदन पर आक्रमण न कर सके
(C) कोई इसके जहाज़ों का आना-जाना न रोक सके
(D) कोई शत्रु इसे हरा न सके

129. मस्तूलों का जंगल कहने से लेखक का क्या अभिप्राय है ?
(A) मस्तूलों की बहार
(B) असंख्य मस्तूल
(C) मस्तूलों का आकर्षक दृश्य
(D) मस्तूलों की पंक्तियाँ

130. 'त्राहि-त्राहि मच जाने' का क्या अर्थ है ?
(A) शोर-शराबा होना
(B) हल्ला मच जाना
(C) हाहाकार मच जाना
(D) हल्ला-गुल्ला आरम्भ होना

131. 'टक्कर लेने' का अर्थ है :
(A) टकराना
(B) तुलना करना
(C) लोहा मानना
(D) मुकाबला करना

132. लंदन बन्दरगाह कहाँ पर स्थित है ?
(A) जहाज़ों के जंगल में
(B) काफ़ी गहरे पानी पर
(C) नदी के तट पर
(D) समुद्र तट पर

133. एक आदमी की औसत चाल क्या है यदि वह दो शहरों के बीच यात्रा करता है, और 60% दूरी 45 मिनट में और शेष दूरी 55 मिनट में तय करता है, जहाँ शहरों के बीच की कुल दूरी 80 किमी है ?
(A) 50 किमी प्रति घंटा
(B) 49 किमी प्रति घंटा
(C) 47 किमी प्रति घंटा
(D) 48 किमी प्रति घंटा

What is the average speed of a man who travels between two cities, covering 60% of the distance in 45 minutes and the remaining distance in 55 minutes, where the total distance between the cities is 80 km ?
(A) 50 kmph
(B) 49 kmph
(C) 47 kmph
(D) 48 kmph

134. जिस घड़ी में घंटे की सुई अपराह्न 3 बजे पश्चिम की ओर इशारा करती है, उसकी मिनट की सुई शाम 7:45 बजे किस ओर होगी ?
(A) उत्तर-पश्चिम
(B) दक्षिण
(C) पूर्व
(D) उत्तर-पूर्व

A clock with the hour hand pointing West at 3 p.m. will have its minute hand at 7:45 p.m. pointing towards :
(A) North-West
(B) South
(C) East
(D) North-East

135. चार विकल्पों में से संख्याओं का वह सेट ज्ञात कीजिए जो प्रश्न में दिए गए सेट से सबसे अधिक मिलता-जुलता हो।
दिया गया सेट : (49, 25, 9)

Find the set of numbers amongst the four options that is most like the set given in the question.
Set given : (49, 25, 9)
(A) (64, 27, 8)
(B) (39, 26, 13)
(C) (36, 16, 4)
(D) (36, 25, 16)

136. A ने B का परिचय देते हुए कहा, "यह मेरे पिता के पिता की पोती का पति है।" A को पुरुष मानते हुए B, A से किस प्रकार संबंधित है ?
(A) चचेरा भाई (कज़न)
(B) भाई
(C) साला
(D) पोता

A introduces B saying, "He is the husband of the granddaughter of the father of my father." Considering A as a male person, how is B related to A ?
(A) Cousin
(B) Brother
(C) Brother-in-law
(D) Grandson



Prepp
Your Personal Exams Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

91. यदि आप शुरू में उत्तर-पूर्व की ओर मुँह करके खड़े हैं और अपनी दाईं ओर 45 डिग्री मुड़ते हैं, तो अब आप किस दिशा की ओर मुँह करके खड़े हैं ?

(A) दक्षिण (B) पश्चिम (C) उत्तर (D) पूर्व

If you are initially facing North-East and turn 45 degrees to your right, what direction are you facing now ?

(A) South (B) West (C) North (D) East


92. निम्नलिखित श्रृंखला में लुप्त पद ज्ञात कीजिए।

Find the missing term in the following series.

361, 289, 169, ____ , 49

(A) 81 (B) 91 (C) 125 (D) 121

93. दिए गए आरेख का परीक्षण कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




→ जो व्यक्ति चाय पीते हैं


→ जो व्यक्ति कॉफ़ी पीते हैं

→ जो व्यक्ति जूस पीते हैं

कितने व्यक्ति तीनों पीते हैं ?

(A) 10 (B) 17 (C) 15 (D) 7

Examine the given diagram and respond to the following question.




→ Persons who drink tea

→ Persons who drink coffee

→ Persons who drink juice

How many individuals drink all three ?

(A) 10 (B) 17 (C) 15 (D) 7

94. निम्नलिखित प्रश्न में, आपको दिए गए शब्द के साथ चार अन्य शब्द विकल्पों के रूप में दिए गए हैं। उनमें से एक शब्द को दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता। उस शब्द को पहचानिए।

दिया गया शब्द : "GENTLEMAN"

In the following question, you will find four other words provided as alternatives alongside a given word. One of these words cannot be formed using the letters of the given word. Identify that word.

Given word : "GENTLEMAN"

(A) GENERAL (B) ANGLE (C) GLEAM (D) MAGNET

95. रिक्त स्थान को भरिए।

Fill in the blank.

96, 60, 35, ____ , 10

(A) 19 (B) 20 (C) 25 (D) 15

96. बाल का स्त्रीलिंग है :

(A) वाली (B) वालिका (C) बाला (D) बालिका

97. 'पर्णकुटी' शब्द में समास है :

(A) बहुव्रीहि (B) द्वन्द्व (C) द्विगु (D) तत्पुरुष

116. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द अव्यय *नहीं* है ?

(A) किसे (B) कल (C) इधर (D) आज

117. निम्नलिखित में से सही तत्सम शब्द का चयन कीजिए :

(A) मधूक (B) खप्पर (C) त्यों (D) थंभ

118. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'अकर्मक क्रिया' का प्रयोग किया गया है ?

(A) रमेश पुस्तक पढ़ रहा है। (B) बालक बहुत देर से रो रहा है।
(C) अम्मा खाना बना रही है। (D) मज़दूर चाय पी रहा है।

119. 'महिला जब भाषण दे रही थी, उसकी आवाज़ में एक आकर्षण था।' निम्नलिखित में से कौन-सा इस वाक्य में प्रयुक्त 'आकर्षण' शब्द का विलोम *नहीं* है ?

(A) विकर्षण (B) विपकर्षण (C) अपकर्षण (D) अनाकर्षण

120. 'कवीश्वर' का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) कवि + ईश्वर (B) कवी + ईश्वर (C) कवि + श्वर (D) कवीं + अश्वर

121. किस वाक्य में क्रिया वर्तमान काल में है ?

(A) कल वे आने वाले थे। (B) मैं तुम्हारा पत्र पढ़ रहा हूँ।
(C) अचानक बिजली कौंध उठी। (D) उसने फल खा लिए थे।

122. 'जूते चाटना' का सही अर्थ है :

(A) इधर-उधर घूमना (B) जूतों को चमकदार बनाना
(C) घूस देना (D) खुशामद करना

123. 'तरंग – तुरंग' शब्द-युग्म का सही विकल्प चुनिए :

(A) लहर – घोड़ा (B) दुबला – घोड़ा (C) घोड़ा – लहर (D) लहर – दुबला

124. 'आप डूबे तो जग डूबा' का अर्थ है :

(A) सबको अपने समान समझना (B) मरने के बाद कौन देखने आता है कि क्या हुआ
(C) अपनी हानि होने पर दूसरों को भी हानि पहुँचाना (D) बुरा आदमी सबको बुरा कहता है

125. 'मानव' शब्द का विशेषण निम्नलिखित में से क्या बनेगा ?

(A) मानवीय (B) मनुष्य (C) मानवता (D) मानवीकरण

126. 'पिता' कहानी के लेखक कौन हैं ?

(A) ज्ञानरंजन (B) उषा प्रियंवदा (C) उदय प्रकाश (D) शेखर जोशी

127. निम्नलिखित में से कौन-सा 'काटना' का तत्सम है ?

(A) कट्टित (B) कटित (C) कर्तन (D) कटन


*प्र. सं. 128 से 132 गद्यांश प्रश्न*

लंदन शहर टेम्स नदी के किनारे पर बसा हुआ है, जिसका पाट चौड़ा है और पानी गहरा। समुद्र तट के निकट होने और टेम्स नदी में [illegible] पानी रहने के कारण, लंदन एक विशाल बन्दरगाह भी है। वहाँ रोज़ सैकड़ों जहाज़ आते-जाते हैं और दूर से देखने पर टेम्स नदी के [illegible] मस्तूलों का जंगल मालूम होता है। यहाँ से पृथ्वी की सभी दिशाओं को माल जाता है और वहाँ से आता है। लंदन तथा इंगलिस्तान [illegible] भोजन सामग्री का बहुत भाग इसी बन्दरगाह पर पहुँचता है। यदि एक सप्ताह के लिए जहाज़ों का आना-जाना बन्द हो जाए, तो इस [illegible] त्राहि-त्राहि मच जाए। इसलिए ब्रिटिश साम्राज्य ने अपनी नाविक शक्ति इतनी प्रबल कर ली है कि उससे दुनिया में कोई भी राज्यशक्ति [illegible] युद्ध में टक्कर नहीं ले सकती।

Prepp
Your Personal Exams Guide


146. यदि 4200 का 30% + 2400 का 35% = 4200 का x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।
Determine the value of x if 30% of 4200 + 35% of 2400 = x% of 4200, find the value of x.
(A) 50 (B) 40 (C) 48 (D) 45

147. पाँच राज्यों द्वारा इस्पात के उत्पादन के संबंध में दिए गए पाई चार्ट का परीक्षण कीजिए और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दीजिए।




राज्य D द्वारा इस्पात के उत्पादन के संगत केंद्रीय कोण क्या है ?
(A) 72.4° (B) 68.4° (C) 58.2° (D) 78.2°

Examine the given pie chart regarding production of steel by five states and answer the following question.




What is the central angle that corresponds to the production of steel by State D ?
(A) 72.4° (B) 68.4° (C) 58.2° (D) 78.2°

148. यदि MONKEY को OQPMGA और ZEBRA को BGDTC के रूप में कोडित किया जाता है, तो DEER को किस प्रकार कोडित किया जाएगा ?
If MONKEY is coded as OQPMGA and ZEBRA as BGDTC, then how will DEER be coded ?
(A) BGGT (B) OQGT (C) GFFT (D) FGGT

149. मैं अपने घर से उत्तर की ओर 30 किमी पैदल चला। फिर मैं पश्चिम की ओर मुड़ा और 20 किमी चला और फिर दक्षिण की ओर मुड़कर 10 किमी चला। अंत में पूर्व की ओर मुड़कर, मैंने 20 किमी की दूरी तय की। मैं अपने घर से किस दिशा में खड़ा हूँ ?
(A) पश्चिम (B) दक्षिण (C) पूर्व (D) उत्तर
From my house, I walked 30 km to the North. Then I turned West and covered 20 km and then covered 10 km turning South. Finally turning to the East, I covered 20 km. In which direction am I standing from my house ?
(A) West (B) South (C) East (D) North

150. श्रृंखला 2, 12, 36, 80, ____ को पूरा कीजिए।
Complete the series 2, 12, 36, 80, ____.
(A) 120 (B) 140 (C) 130 (D) 150